दैनिक

# नज़रिया खबर

*भारत सरकार के डीएवीपी व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापन के लिए मान्यता प्राप्त*

RNI:UTTHIN/2008/25052

वर्ष:18 | अंक: 05 | देहरादून, शुक्रवार 04 जुलाई, 2025 | पृष्ठ: 08 | मूल्य: 1/रु. प्रति




पेज-03

# सीएम धामी ने उच्चाधिकारियों के साथ की कांवड़ मेला की तैयारियों की समीक्षा की

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कांवड़ यात्रा के सफल संचालन के लिये उत्तराखंड कांवड़ सेवा एप बनाए जाने के निर्देश दिए है इसमें कांवड़ियों की सभी डिटेल उपलब्ध कराई जाए। इस एप का उपयोग हर वर्ष आयोजित होने वाले कांवड़ यात्रा के दौरान किया जा सकेगा, इस से कांवड़ यात्रा पहले से अधिक सुगम और सुरक्षित हो सकेगी।

गुरुवार को मेला नियन्त्रण भवन हरिद्वार में उच्चाधिकारीयों के साथ कांवड मेला–2025 की तैयारियों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कांवड़ यात्रा के सकुशल एवं सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने हेतु जिला प्रशासन, पुलिस एवं अन्य सम्बन्धित विभागों को चाक चौबंद व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा ऐसे राज्य जहां से अधिकांश कावड़िए आते हैं। उन राज्यों से परस्पर समन्वय, रियल टाइम डाटा शेयरिंग और सुरक्षात्मक दृष्टि से सभी आवश्यक इनपुट्स साझा किए जाएं। मुख्यमंत्री ने कांवड़ यात्रा को आगामी कुंभ मेले का ट्रायल बताते हुए कहा कि ये अनुभव आगामी कुंभ मेले भी काम आएंगे। मुख्यमंत्री ने अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि कावड़ यात्रा मार्गो पर किसी भी तरह का अतिक्रमण न हो। उन्होंने कावड़ यात्रा से पहले सभी प्रकार के अतिक्रमणों को हटाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने यात्रा मार्ग पर स्थित ढाबों और होटलों में सुरक्षा ,मानकों का अनुपालन कराने के साथ ही फूड लाइसेंस और रेट लिस्ट अनिवार्य रूप से चस्पा किए जाने के भी निर्देश दिए।




कांवड़ मेला तैयारियों की समीक्षा करते सीएम।

उन्होंने कहा यह सुनिश्चित किया जाए कि यात्रा मार्ग पर स्थित होटलों के नाम व होटल स्वामियों के नाम भी अनिवार्य रूप से लिखे हो एवं ओवर रेटिंग की शिकायत आने पर संबंधित होटल स्वामियों पर शक्ति से करवाई की जाए। उन्होंने कहा शराब तथा मीट से संबंधित एसओपी का भी इस दौरान सख्ती से पालन हो।

मुख्यमंत्री ने कहा इस वर्ष हमने क्लीन और ग्रीन कांवड़ यात्रा का संदेश देना है। उन्होंने कहा स्वच्छता हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। जिसके लिए संपूर्ण कावड़ मार्गो पर हर घंटे सफाई अभियान चलता रहे। हरिद्वार, रुड़की, ऋषिकेश और आस पास के क्षेत्रों में हर 1–2 किलोमीटर पर मोबाइल टॉयलेट, कूड़ा निस्तारण के लिए विशेष गाड़ियों की तैनाती की जाए।

शेष खबर पेज आठ पर देखे

## न्यूज डायरी

### पंचायत चुनाव में सुरक्षा को लेकर पुलिस ने कसी कमर

**रुद्रप्रयाग।** त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन, मानसूनी सीजन एवं आपदा, सीएम हेल्पलाइन पोर्टल से संबंधित गोष्ठी में सीओ ने अधीनस्थों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। सभी थाना प्रभारियों को लंबित शिकायतों का साप्ताहिक रूप से अनुश्रवण करने को कहा। पुलिस कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक पुलिस उपाधीक्षक प्रबोध कुमार घिल्डियाल की अध्यक्षता में हुई, जिसमें सीओ ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर सभी थाना प्रभारियों को अपने–अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत अवैध गतिविधियों के विरुद्ध प्रभावी सघन अभियान चलाए जाने के लिए निर्देशित किया। पंचायत चुनाव के नामांकन के दौरान प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने, ग्रामीण इलाकों में आदर्श आचरण संहिता का अनुपालन सुनिश्चित करवाने, मानसून सीजन के दृष्टिगत अतिरिक्त सतर्कता बरतते आपदा उपकरणों को हमेशा तैयारी की हालत में रखने, सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के त्वरित तथा गुणवत्तापूर्वक निस्तारण किए जाने, थाना प्रभारियों को उनके स्तर से लम्बित शिकायतों का साप्ताहिक रूप से अनुश्रवण करने के निर्देश दिए।

### लक्सर में जहरीले पदार्थ का सेवन करने से युवक की मौत

**लक्सर।** कोतवाली क्षेत्र के शाहपुर भोगपुर रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास खेत में एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। सूचना मिलते ही भिक्कमपुर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान मुकेश कोठारी 38 वर्षए निवासी जगजीतपुरए के रूप में हुई है। प्रथम दृष्टया युवक की मौत जहरीला पदार्थ सेवन करने से होना प्रतीत हो रही है। मृतक के परिजनों ने पुलिस को बताया कि मुकेश ने एक बैंक से लोन लिया था। जिसकी किश्तें वह समय पर नहीं चुका पा रहा था। इसी बात को लेकर वह काफी समय से तनाव में थे। आशंका जताई जा रही है कि इसी तनाव में आकर उसने आत्मघाती कदम उठाया। मुकेश कोठारी दो बच्चों का पिता बताया जा रहा है।

## गार्गी आरती में देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी ने पूजा की

**हल्द्वानी।** नगर निगम हल्द्वानी द्वारा आयोजित होने वाली रानीबाग में गार्गी आरती में दिनांक 2 जुलाई 2025को देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने पूजा की। इस अवसर पर देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री राजकुमार केसरवानी,महानगर अध्यक्ष अजय कृष्ण गोयल,आजीवन सदस्य बृज मोहन सिजवाली,भुवन लाल शाह,रेनू केसरवानी,विनोद घड़ियाल,आदि शामिल थे,पंडित नवल बिष्ट ने पूजा अनुष्ठान किया।



## वन अनुसंधान संस्थान ने आयोजित की विस्तार वानिकी के लिए रणनीतियाँ विषय पर ऑनलाइन संगोष्ठी

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** विस्तार प्रभाग, आईसीएफआरई–वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून द्वारा विस्तार वानिकी के लिए रणनीतियाँ विषय पर एक प्रभागीय स्तरीय ऑनलाइन संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

प्रारंभ में, विस्तार प्रभाग के वैज्ञानिक–एफ डॉ. चरण सिंह ने आयोजन टीम का परिचय कराया और विस्तार प्रभाग की प्रमुख ऋचा मिश्रा को स्वागत भाषण एवं उद्घाटन टिप्पणी देने हेतु आमंत्रित किया। ऋचा मिश्रा ने निदेशक एवं सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। अपने स्वागत भाषण में उन्होंने संगोष्ठी के




संगोष्ठी में प्रतिभाग करते हुए।

महत्व और आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह संगोष्ठी विचारों के आदान–प्रदान और प्रभावी एवं दक्ष वानिकी विस्तार के लिए नई योजनाएं बनाने का एक साझा मंच है, जो जनसहभागिता आधारित उपयुक्त और प्रभावशाली विस्तार रणनीति के निर्माण में सहायक होगा।

संस्थान की निदेशक डॉ. रेनू सिंह, आईएफएस ने संगोष्ठी का उद्घाटन किया और 80 से अधिक प्रतिभागियों को संबोधित किया। अपने उद्घाटन भाषण में उन्होंने ग्रामीण एवं शहरी समुदाय के कल्याण हेतु विस्तार वानिकी के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वनों से बाहर के क्षेत्रों में वानिकी का विस्तार जलवायु परिवर्तन के शमन के साथ–साथ आजीविका सृजन में भी सहायक हो सकता है।

उन्होंने बताया कि वानिकी विस्तार के अनेक अवसर हैं। उन्होंने कहा कि संस्थान अपने तकनीकी ज्ञान के प्रचार–प्रसार के लिए सराहनीय कार्य कर रहा है, जिसमें हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और दिल्ली एवं चंडीगढ़ जैसे केंद्र शासित प्रदेशों के अंतर्गत आने वाले वन विज्ञान केंद्रों (वन विज्ञान केंद्र दृ वीवीके) के माध्यम से विभिन्न विस्तार माध्यमों का उपयोग किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त संस्थान वन विज्ञान केंद्रों और कृषि विज्ञान केंद्रों के नेटवर्क के अंतर्गत भी विस्तार गतिविधियाँ संचालित कर रहा है। वन अनुसंधान संस्थान सोशल मीडिया पर भी सक्रिय रूप से वानिकी के क्षेत्र में उत्पन्न वैज्ञानिक ज्ञान का प्रचार–प्रसार कर रहा है। तकनीकी सत्र के दौरान, आईसीएआर–भारतीय मृदा एवं जल संरक्षण संस्थान, देहरादून के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. बांके बिहारी ने विस्तार वानिकी के लिए रणनीतियाँ विषय पर एक प्रस्तुति दी।

# संपादकीय

## पीएम मोदी की एक मीटिंग की तस्वीर देख अमेरिका भी हैरान

ब्राजील में आयोजित की गई ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ताकत देख डोनाल्ड ट्रंप और अमेरिका बौखला गए हैं। मोदी ने ब्रिक्स सम्मेलन के दौरान एक खेल कर दिया जो इतना बड़ा है कि अमेरिका सदियों तक भूल नहीं पाएगा। पीएम मोदी की एक मीटिंग की तस्वीर देख अमेरिका भी हैरान रह गया है। आपको याद होगा कि पिछले महीने ही पाकिस्तान के फेल्ड मार्शल जनरल आसिम मुनीर को व्हाइट हाउस में लंच पर बुलाया था। पाक सेना प्रमुख को लंच पर बुलाकर ट्रंप सोच रहे थे कि उन्होंने बहुत बड़ा कूटनीतिक दांव चल दिया है। लेकिन अब पीएम मोदी ने तो अमेरिका के पैरों तले जमीन खिसकाने वाला काम कर दिया है। पीएम मोदी ने जिस शख्स के साथ मीटिंग की वो अमेरिका और डोनाल्ड ट्रंप का सबसे बड़ा दुश्मन माना जाता है। पीएम मोदी ने क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डियाज कैनेल बरमूडेज से मुलाकात की है। आपको बता दें कि क्यूबा वो देश है, जिसे अमेरिका अपना सबसे बड़ा दुश्मन मानता है। अमेरिका ने तो क्यूबा के खिलाफ सख्त ट्रैवल बैन तक लगा रखा है। सबसे हैरानी की बात ये है कि अगर कोई ठोस या वाजिब वजह नहीं है तो अमेरिका के लोग भी क्यूबा नहीं जा सकते। अमेरिकी कंपनियां भी क्यूबा में न तो कोई व्यापार कर सकती है और न कोई सामान बेच सकती है। अब इसी क्यूबा के साथ बैठकर पीएम मोदी व्यापार बढ़ाने की बातें कर रहे हैं। पीएम मोदी ने क्यूबा के राष्ट्रपति के साथ बैठकर एक बहुत बड़ा ऐलान कर दिया है। हैरानी की बात ये है कि क्यूबा एक छोटा सा देश है जो अमेरिका से सिर्फ 90 मील की दूरी पर है। लेकिन दशकों से क्यूबा अमेरिका की नाक में दम करके रखा है। अमेरिका दुनियाभर के देशों को डराता है, लेकिन वो क्यूबा जैसे छोटे देश का कुछ नहीं बिगाड़ पाया। पीएम मोदी और क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डियाज–कैनेल बरमूडेज ने रविवार को 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर एक बैठक के दौरान औषधि क्षेत्र, जैव प्रौद्योगिकी, पारंपरिक चिकित्सा और डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे जैसे प्रमुख क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। दोनों नेताओं ने आयुर्वेद, यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई), आपदा प्रबंधन और दक्षता विकास सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर भी विचारों का आदान–प्रदान किया।

# मुख्यमंत्री धामी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधारोपण

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को मेला नियन्त्रण भवन परिसर हरिद्वार में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत रूद्राक्ष के पौधे का रोपण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्लोबल वॉर्मिंग तथा पर्यावण असंतुलन को रोकने में वृक्षों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य है कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी माँ के सम्मान में एक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करना है, ताकि भावनात्मक जुड़ाव के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण को जन–आंदोलन बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि माँ और प्रकृति दोनों की सेवा करना हमारा कर्तव्य है। यह अभियान समाज में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का भी संदेश देता।

स्वच्छता अभियान में शामिल हुए मुख्यमंत्रीः इसके बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सीसीआर के पास गंगा घाट पहुँचकर सफाई एवं स्वच्छता अभियान में प्रतिभाग करते हुए स्वंय झाड़ु लगाकर स्वच्छता का सन्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के



पौधारोपण करते सीएम।

नेतृत्व में राज्य सरकार स्वच्छ भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कावड़ यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं से स्वच्छता बनाए रखने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मां गंगा का नमन करते हुए देश व प्रदेश की सुःख, शान्ति एवं समृद्धि की कामना की। श्रद्धालुओं से मिलकर ली यात्रा व्यवस्थाओं की जानकारीः विभिन्न राज्यों से आये श्रद्धालुओं ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को अचानक अपने बीच पाकर आश्चर्य व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री के साथ फोटो खिंचवाये। श्रद्धालुओं ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की शालीनता, विनम्रता व सादगी की तारीफ की। मुख्यमंत्री ने बाहरी राज्यों से पहुंचे श्रद्धालुओं से सीधे संवाद करते हुए यातायात, रूकने, खान–पान सहित विभिन्न व्यवस्थाओं तथा सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। इस दौरान सांसद कल्पना सैनी, विधायक मदन कौशिक, प्रदीप बत्रा, आदेश चौहान, ममता राकेश, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी, मेयर किरण जेसल, अनीता जी, पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद, उपाध्यक्ष राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण विनय रोहेला, दर्जा राज्यमंत्री ओम प्रकाश जमदग्नि, शोभाराम प्रजापति, सुनील सैनी, श्यामवीर सैनी, जयपाल सिंह चौहान, देशराज कर्णवाल, महानगर व्यापार मण्डल अध्यक्ष सुनील सेठी, मुख्य सचिव आनन्द वर्द्धन, डीजीपी दीपम सेठ, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, आर. मीनाक्षी सुन्दरम, मण्डलायुक्त विनय शंकर पाण्डे, युगल किशोर पन्त, जिलाधिकारी मयूर दीक्षित, एसएसपी प्रमेन्द्र डोबाल सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

# शंघाई सहयोग संगठन रक्षा मंत्रियों की 22वीं बैठक



**अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कुछ देशों द्वारा जुगलबंदी कर भारतीय विचारधारा को नजरअंदाज करना भारी पड़ सकता है, भारत की आवाज़ सुनना पड़ेगा**

**गोंदिया।** वैश्विक स्तरपर भारत के बढ़ते कद,रुतबे और प्रतिष्ठा से स्वाभाविक रूप से कुछ देश या उनका संगठन ईर्ष्या जरूर करेंगें। 1984 में विंग कमांडर राकेश शर्मा ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में कदम रखा था अभी 26 जून 2025 को शुभांशु शुक्ला ने भी भारत के दूसरे बहादुर ने कदम रखा है यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि और भारत की दिशा, विचारधारा को नजरंदास कर उसे कम आकलन कर अपने सहयोगी सदस्य देश का पक्ष जरूर लेंगे। वैसे भी यह हर देश की नीति रणनीति रहती है कि उसके लिए राष्ट्रहित सर्वोत्तम रहता है।

दुनियाँ का बादशाह कहलानें वाला देश भी अनेक बार अपने हित के लिए पड़ोसी व विस्तारवादी मुल्क, खाड़ी देशों, पश्चिम एशिया इत्यादि में अपनें सहयोग के साथ की स्थिति बदलते रहता है, ठीक उसी तरह भारत भी कूटनीतिक, विदेश नीति के हिसाब से राष्ट्रीय हित सर्वोपरि रखकर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपनीं विचारधारा, संकल्प, देशहित, विश्वहित की अपनी नीति शुरू से ही जारी रखे हुए हैं। आज में किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र, इस विषय पर चर्चा इसलिए कर रहा हूं क्योंकि हमने 26 जून 2025 को चीन के किंगदाओ शहर में चल रहे रक्षा मंत्रियों के शंघाई सहयोग संगठन में साझा घोषणापत्र पर भारतनें हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया है,क्योंकि उनकाआतंकवाद पर पाक के बलूचिस्तान का तो नाम था परंतु भारत के पहलगाम का नाम नहीं था,जिस पर हमारे रक्षामंत्री ने भरी सभा में खरीखोटी सुनाई व अनेक बातें कहीं जिसे हम नीचे पैराग्राफ में चर्चा करेंगे,ठीक उसी तरह अभी 3 दिन पहले,तुर्किए के इस्तांबुल में आयोजित इस्लामिक सहयोग संगठन की दो दिवसीय बैठक एक बार फिर पाक की पक्षपातपूर्ण कूटनीति का मंच बन गई। 57 मुस्लिम देशों के संगठन ओआईसी की विदेश मंत्रियों की परिषद ने अपने साझा बयान में जहां एक ओर भारत–पाक के बीच हुए सिंधु जल समझौतेको जारी रखने की बात कही, वहीं दूसरी ओर भारत की सैन्य कार्रवाई और कश्मीर नीति को लेकर भी एकतरफा टिप्पणी की,ओआईसी ने अपने साझा बयान में साफ कर दिया कि वह पाक के रुख का पूरी तरह समर्थन करता है और भारत से अधिकतम संयम बरतने की उम्मीद करता है।चूँकिआतंकवाद से मुकाबला सर्वेजन सुखीनों भवंतु यानें शांति और समृद्धि के लिए सभी को एक दूसरे के साथ मिलकर काम करना होगा सराहनीय है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे।

साथियों बात अगर हम रक्षा मंत्री की एससीओ बैठक में सीमा पर आतंकवाद का मुद्दा उठाने की करें तो रक्षामंत्री ने बुधवार को शुरू हुई एससीओ देशों के 10 रक्षामंत्रियों की बैठक में स्पष्ट रूप से सीमापार आतंकवाद का मुद्दा उठाया था,उन्होंने पाक का नाम लिए बिना ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए सीधी चेतावनी दी थी कि निर्दोषों का खून यदि फिर बहेगा तो भारत का एक्शन जारी रहेगा,भारत फिर से घुसकर आतंकियों को मारेगा, निर्दोषों का खून बहाने वालों को छोड़ा नहीं जाएगा, उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले का भी जिक्र किया था और कहा था कि एक नेपाली नागरिक समेत 26 निर्दोषों का खून धार्मिक पहचान पूछकर बहाया गया, जिस संगठन रेजिस्टेंस फ्रंट ने इसकी जिम्मेदारी ली, वो संयुक्त राष्ट्र की तरफ से लिस्टेड पाक आतंकी संगठन लश्कर–ए –ताइबा का प्रॉक्सी संगठन है।उन्होंने चीन को भी ताकीद की थी, उन्होंने कहा था कि कोई भी देश कितना भी शक्तिशाली हो, अकेला काम नहीं कर सकता है, हमारे यहां सदियों से सर्वे जन सुखिनो भवन्तु की कहावत है, जिसका मतलब है कि शांति और समृद्धि के लिए सभी को एक–दूसरे के साथ मिलकर काम करना पड़ता है। उन्होंने कहा था कि हमारे क्षेत्र में सभी समस्याओं का मूल कारण कट्टरपंथ और आतंकवाद है,आतंकवाद और शांति–समृद्धि साथ–साथ नहीं चल सकते, आतंकवाद को नीतिगत हथियार बनाने वाले और आतंकियों को पनाह देने वाले देशों को दोहरे मानदंड के लिए यहां जगह नहीं है। एससीओ रक्षा मंत्रियों की बैठक में रक्षामंत्री ने कहा कि हमें सीमा पार से हथियारों और ड्रग्स की तस्करी के लिए ड्रोन सहित आतंकवादियों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली तकनीक का मुकाबला करने की कोशिश करनी चाहिए। हमारी परस्पर जुड़ी दुनिया में पारंपरिक सीमाएं अब खतरों के खिलाफ एकमात्र बाधा नहीं हैं। इसके बजाय हम चुनौतियों के एक जटिल जाल का सामना कर रहे हैं, जो अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद और साइबर हमलों से लेकर हाइब्रिड युद्ध तक फैले हुए हैं। भारत आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों से लड़ने के अपने संकल्प पर कायम है।श्उन्होंने कहा कि आतंकवाद के लिए भारत की शून्य सहिष्णुता आज उसके काम से प्रकट होती है। इसमें आतंकवाद के खिलाफ खुद का बचाव करने का हमारा अधिकार भी शामिल है। हमने दिखाया है कि आतंकवाद के केंद्र अब सुरक्षित नहीं हैं और हम उन्हें निशाना बनाने में संकोच नहीं करेंगे। हमें अपने युवाओं में कट्टरपंथ के प्रसार को रोकने के लिए भी सक्रिय कदम उठाने चाहिए।एससीओ के आरएटीएस तंत्र ने इस संबंध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद को बढ़ावा देने वाले कट्टरपंथ का मुकाबला करने पर एससीओ राष्ट्राध्यक्षों की परिषद का संयुक्त वक्तव्य भारत की अध्यक्षता हमारी साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक है।अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विशेषण करें तो हम पाएंगे कि शंघाई सहयोग संगठन रक्षा मंत्रियों की 22वीं बैठक 25– 27 जून 2025 किंगदाओ चीन में कुछ देशों की जुगलबंदी को भारत का वीटो पावर भारी पड़ा–साझा घोषणा पत्र अटका अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कुछ देशों द्वारा जुगलबंदी कर भारतीय विचारधारा को नजरअंदाज करना भारी पड़ सकता है–भारत की आवाज सुनना पड़ेगा।आतंकवाद से मुकाबला करने सर्वेजन सुखिनो भवन्तुः यानें शांति और समृद्धि के लिए सभी को एक दूसरे के साथ मिलकर काम करना होगा।

लेखक – कर विशेषज्ञ स्तंभकार एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र


04 July 2025_Copy of Layout 1 7/8/2025 8:42 AM Page 3



# फ्लो उत्तराखंड ने 'महिलाओं के नेतृत्व में ब्रांडिंग और व्यवसाय विकास' पर ऑनलाइन वेबिनार आयोजित की

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** फिक्की फ्लो उत्तराखंड चौप्टर ने चेयरपर्सन डॉ. गीता खन्ना के नेतृत्व में, कायरोस कॉन्शसनेस और हरजिंदगी.कॉम के सहयोग से एक ऑनलाइन वेबिनार 'स्मिथिंग सक्सेस दृ फ्रॉम कॉन्सेप्ट टू शार्क टैंक' का आयोजन किया। इस वर्चुअल सत्र में 'क्वर्कस्मिथ' की सह–संस्थापक बहनें दृ प्रज्ञा बत्रा और दिव्या बत्रा दृ मुख्य वक्ता रहीं।

संवाद का संचालन किया मेघा ममगैन ने, जो जगरण न्यू मीडिया में हेल्थ एवं लाइफस्टाइल की मैनेजिंग एडिटर हैं। फ्लो उत्तराखंड की पूर्व अध्यक्षा (2021–22) और ब्रांडिंग, मार्केटिंग व मीडिया की प्रमुख कोमल बत्रा ने डे चेयर की भूमिका निभाई और महिला–नेतृत्व वाले उद्यमों को मंच, मार्गदर्शन और सीखने के अवसर देने के फ्लो के प्रयासों को रेखांकित किया। यह सत्र फ्लो उत्तराखंड की ब्रांडिंग, मार्केटिंग व मीडिया पहल के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसमें



वेबिनार में प्रतिभाग करते हुए।

ऐसे महिला उद्यमियों की प्रेरणादायक कहानियों को सामने लाया गया, जिन्होंने व्यापार जगत को नए आयाम दिए। दिव्या और प्रज्ञा ने बताया कि कैसे उन्होंने एक–दूसरे को हस्तनिर्मित ज्वेलरी गिफ्ट करने के विचार से प्रेरणा लेकर 'क्वर्कस्मिथ' की नींव रखी। दिव्या ने कहा, "जब मैं अपने लिए कुछ बनाती हूं, तो वह मेरे लिए सर्वश्रेष्ठ होता है। मेरी बहन ने ही मेरे उस स्पार्क को पहचाना और मुझे और लोगों तक पहुंचने के लिए प्रेरित किया।" उन्होंने साझा किया कि कैसे उन्होंने शुरुआती दिनों में पॉप–अप स्टॉल्स के जरिए प्रयोग किए, अपने दिल की सुनी, और मुनाफे के बजाय जुनून और उद्देश्य को प्राथमिकता दी।"बत्रा बहनों ने रचनात्मक स्वतंत्रता और प्रामाणिकता को अपनी सफलता की कुंजी बताया दृ गुण जो उन्होंने अपने पालन–पोषण से सीखे। दिव्या ने कहा, "मैं अपनी ही ब्रांड के लिए मॉडलिंग करती हूं। ब्रांड की शुरुआत हम दोनों बहनों से हुई थीं, और आज भी ब्रांड में हमारा एकजुट होना झलकता है।" सत्र में यह भी बताया गया कि सोशल मीडिया, स्टोरीटेलिंग और ऑनलाइन कम्युनिटी कैसे एक 'कल्ट ब्रांड' बनाने में सहायक होते हैं। दिव्या ने कहा, "हम पूरी तरह से ऑनलाइन हैं, और जिन लोगों तक हमें पहुंचना है, वे भी ऑनलाइन हैं। आउटबाउंड पीआर, असली कंटेंट और मीडिया कवरेज दृ जैसे शार्क टैंक दृ ने हमें विश्वसनीयता दिलाई।" क्वर्कस्मिथ को शार्क टैंक में आने का अवसर ब्रांड के 7 साल के जैविक विकास के बाद मिला और इसने उन्हें एक राष्ट्रीय मंच पर पहचान दिलाई। सत्र में कार्यस्थल में महिला सशक्तिकरण पर भी जोर दिया गया, जिसमें बताया गया की क्वर्कस्मिथ की 60: टीम महिलाएं हैं। ब्रांड ने महिला प्रोडक्शन मैनेजर की नियुक्ति से लेकर महिला कारीगरों को टीम लीडर बनने का अवसर दिया है।

## गुण्डा एक्ट के तहत दो अपराधी किए जिलाबदर

**देहरादून।** जिला मजिस्ट्रेट देहरादून सविन बसंल ने आपराधिक मामलों में संलिप्त दो लोगों के विरूद्व गुण्डा नियंत्रण अधिनियम की धारा 3(3) के अंतर्गत कडी कार्रवाई करते हुए जिले से दरबदर कर दिया है। यह कार्रवाई सुनील यादव उर्फ सन्नी पुत्र दिलीप यादव निवासी मंगल बस्ती राजीव नगर थाना नेहरू कालोनी देहरादून और मौहम्मद रजा उर्फ भूरा पुत्र मोबीन निवासी जैन प्लॉट वाणी विहार भगत सिंह कॉलोनी अधोईवाला थाना रायपुर देहरादून के विरूद्व की गई है। आपराधिक मामलों में संलिप्त इन दोनों को गुण्डा घोषित करते हुए 06 माह की अवधि के लिए जनपद की सीमा से बाहर रहने के आदेश जारी किए गए हैं। साथ ही इन दोनों को जनपद से बाहर रहने पर अपने निवास स्थान का पूरा पता जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय एवं थानाध्यक्ष को उपलब्ध कराना भी आवश्यक किया गया है। धारा 3,4,5 या 6 के अधीन पारित आदेशों का उल्लंघन करने पर कठोर कारावास जो तीन वर्ष तक हो सकता है।

# स्वाभिमान मोर्चा का डिजिटल और जमीनी ढांचा और भी हुआ मजबूत

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** उत्तराखंड स्वाभिमान मोर्चा ने आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों एवं राज्य में जनविकल्प की व्यापक रणनीति के तहत संगठन विस्तार करते हुए केंद्रीय कार्यकारिणी में कुछ महत्वपूर्ण नियुक्तियाँ की हैं।

मोर्चा की केंद्रीय कार्यकारिणी ने ऋषिकेश से महापौर पद के पूर्व उम्मीदवार एवं विभिन्न आंदोलन से जुड़े वरिष्ठ नेता दिनेश चंद्र मास्टर को उत्तराखंड स्वाभिमान मोर्चा का संगठन प्रभारी नियुक्त किया है। मास्टर जी ने पूर्व में भी पार्टी को धरातल पर मजबूती देने में अग्रणी भूमिका निभाई है और मूल निवास एवं भू कानून जैसे मुद्दों पर उनकी स्पष्ट दृष्टि रही है। इसके साथ ही डिजिटल माध्यमों पर संगठन की पहुंच और जनजुड़ाव को और सशक्त बनाने के उद्देश्य से मनोज कोठियाल को सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। मनोज कोठियाल डिजिटल रणनीति, जनभावनाओं की अभिव्यक्ति और राज्यहित के मुद्दों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करने में माहिर माने जाते हैं। सोशल मीडिया टीम को और अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए आशुतोष कोठारी एवं समीर सजवाण को सोशल मीडिया सहप्रभारी नियुक्त किया गया है। ये दोनों युवा लंबे समय से सामाजिक मुद्दों पर सक्रिय हैं और डिजिटल जनसंपर्क में अनुभव रखते हैं। उत्तराखंड स्वाभिमान मोर्चा का मानना है कि ये नियुक्तियाँ आगामी चुनावों में संगठन को नई ऊर्जा, नया दृष्टिकोण और सशक्त रणनीति प्रदान करेंगी।

# आयुष्मान सूचीबद्ध अस्पतालों को सीईओ के सख्त निर्देश

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण उत्तराखंडः आयुष्मान योजना के अंतर्गत सूचीबद्ध अस्पतालों को अब लाभार्थियों की सुविधा के लिए प्रत्येक वार्ड में योजना के टोल फ्री नंबर डिस्प्ले करने, आईसीयू के निकट वेटिंग रूम बनाने समेत कई जरूरी कदम उठाने होंगे।

राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण की मुख्य कार्यकारी अधिकारी रीना जोशी ने सभी अस्पतालों को इसके निर्देश जारी कर दिए हैं। बता दें कि आयुष्मान योजना के लाभार्थियों को अस्पताल में किसी तरह की दिक्कत ना हो इस पर प्राधिकरण की ओर से बराबर मॉनिटरिंग की जा रही है। जिसमें तमाम तरह की फीडबैक मिल रही हैं। प्राधिकरण मुख्य कार्यकारी अधिकारी रीना जोशी ने बताया कि जनकल्याण की इस योजना का समुचित लाभ प्रत्येक लाभार्थी तक पहुंचे, यह



प्राथमिकता है। कई बार अस्पतालों में लाभार्थियों को भ्रमित करने या उपचार के नाम पर धन वसूली की सूचनाएं मिलती है। इसकी रोकथाम के प्रयास किए जाने जरूरी हैं। उन्होंने बताया कि सूचीबद्ध अस्पतालों को अपने परिसर में आयुष्मान योजना से संबंधित जानकारियों के डिस्प्ले बोर्ड लगाने होंगे। साथ ही प्रत्येक वार्ड में प्राधिकरण के टोल फ्री नंबर चस्पा करने होंगे, जिसमें हिंदी और स्थानीय भाषा में स्पष्ट लिखा हो कि कोई भी समस्या हो तो चस्पा किए गए टोल फ्री नंबर पर कॉल करें। उन्होंने बताया कि कुछ संस्थानों में आईसीयू के वेटिंग रूम व पार्किंग जैसी समस्याएं भी सामने आई हैं। अस्पतालों को आईसीयू के निकट ही वेटिंग रूम की व्यवस्था देने को कहा गया है। वहीं कतारों से निजात के लिए टोकन डिस्प्ले लगाने, प्रतीक्षा कक्ष की समुचित व्यवस्था व मरीज के फीडबैक फार्म को भी अनिवार्य कर दिया गया है। एबीडीएम की सुविधाओं का उपयोग करने, स्कैन एंड शेयर व आभा आईडी के बारे में जानकारी देने के भी अस्पतालों को निर्देश जारी किए गए हैं। सीईओ ने कहा कि उक्त निर्देशों का अनुपालन सुचारू होने की जानकारी अस्पताल प्रशासन को निर्धारित समय में देनी होगी। उन्होंने दोहराया कि आयुष्मान योजना के क्रियान्वयन में किसी भी तरह की लापरवाही या अनियमिता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# कांवड़ धार्मिक यात्रा, उसकी पवित्रता और कानून व्यवस्था को बनाए रखना सरकार और सबकी जिम्मेदारीः भट्ट

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** भाजपा ने कांवड़ यात्रा में सुरक्षा दृष्टि से दुकान से संबंधित जानकारी सार्वजनिक करने की प्रक्रिया को कानून सम्मत बताते हुए स्वागत किया है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा, कांवड़ जैसी धार्मिक और आध्यात्मिक यात्रा की पवित्रता और कानून व्यवस्था को बनाए रखना सरकार और हम सबकी जिम्मेदारी है।

वहीं सपा सांसद हसन और कांग्रेस नेताओं के बयान को तुष्टिकरण से प्रेरित बताया। कहा, देवभूमि की जनता को यह स्वीकार नहीं हैं, उसने



सपा को राज्य से पूरी तरह साफ किया है और इसी लीक पर चलने वाली कांग्रेस भी शीघ्र सपा चट होने की तरफ अग्रसर है।

पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों के सवालों पर उन्होंने अपने नए कार्यकाल को लेकर कहा, केंद्रीय नेतृत्व और पार्टी के लाखों कार्यकर्ताओं ने जो विश्वास मुझ पर किया है उसपर में पूरी तरह से खरा उतरने का प्रयास करूंगा। अब हम सभी कार्यकर्ताओं को एकजुटता और सामूहिकता से संगठन की मजबूती के साथ केंद्र एवं राज्य सरकार के कामों को जन जन के बीच पहुंचाना है। प्रदेश में पंचायत चुनाव की प्रक्रिया जारी हैं और पार्टी की तरफ से जिला पंचायत सदस्य पदों को लेकर समर्थित प्रत्याशियों के नामों पर विचार अंतिम चरण में है। जिसके सभी नामों की घोषणा 5 जुलाई से पूर्व चरणबद्ध तरीके से कर दी जाएगी। वहीं आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत के लक्ष्य प्राप्ति की रणनीति पर भी पार्टी, शीघ्र कार्य प्रारंभ करने जा रही है। वहीं उन्होंने कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत प्रदेश सरकार के दुकानों पर नेम प्लेट सहित सभी जरूरी जानकारी लिखने की प्रक्रिया का स्वागत किया है। कहा, कानून भी इसकी इजाजत देता है कि व्यापारिक प्रतिष्ठान के मालिक, पंजीकरण आदि तमाम आवश्यक जानकारी को सार्वजनिक किया जाए। इससे अनावश्यक रूप से कांवड़ियों और दुकानदारों के मध्य पैदा होने वाले विवादों से बचा जा सकेगा। दरअसल कांवड़ एक धार्मिक और आध्यात्मिक यात्रा है, उसकी पवित्रता और कानून व्यवस्था बरकरार रखना सरकार और हम सबकी सामाजिक जिम्मेदारी है।

उन्होंने यूपी के सपा सांसद एस टी हसन द्वारा सरकार की इस कोशिश को पहलगाम के आतंकवादियों से जोड़ने का कठोर शब्दों में आलोचना की है। उन्होंने कहा, सपा तुष्टिकरण की राजनीति के लिए इस तरह के बयान जानबूझकर देती है। लेकिन देवभूमि की जनता हमेशा से ऐसी राजनैतिक प्रवृति को सिरे से नकारती रही है। उसने सपा को कभी उत्तराखंड में कभी जमने नहीं दिया और यहां से पूरी तरह समाप्त कर दिया।

04 July 2025_Copy of Layout 1 7/8/2025 8:42 AM Page 4



# दिव्यांग मतदाताओं के बूथों को चिन्हित कर जरूरी सुविधाएं सुनिश्चित की जाएंः मुख्य निर्वाचन अधिकारी

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम की अध्यक्षता में गुरुवार को सचिवालय में सुगम मतदान हेतु राज्य स्तरीय प्रचालन समिति ”स्टेट स्टेयरिंग कमेटी ऑन एक्सेसिबल इलेक्शन” की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में समिति के सदस्यों आयुक्त, निःशक्तजन, निदेशक समाज कल्याण, निदेशक शिक्षा, मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग, महानिदेशक सूचना एवं विभिन्न एनजीओ के प्रतिनिधियों से विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने विस्तृत दिशा निर्देश देते हुए कहा कि प्रदेश के सभी पोलिंग बूथों पर आयोग द्वारा दी जाने वाली न्यूनतम सभी सुविधाओं “एश्योर मिनिमम फैसेलिटी” (एएमएफ) को सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएं।




मुख्य निर्वाचन अधिकारी बैठक लेते हुए।

उन्होंने समाज कल्याण विभाग को निर्देश दिए कि विभाग में दर्ज दिव्यांग पेंशन धारकों को मतदाता सूची में शत प्रतिशत पीडब्ल्यूडी श्रेणी में शामिल कराने के दृष्टिगत 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अक्टूबर की अर्हता तिथि के आधार पर हर तीन माह में अपडेटेड सूची निर्वाचन विभाग को उपलब्ध करा दी जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि आगामी विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसएसआर) में इस पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि पीडब्ल्यूडी मतदाताओं का चिन्हीकरण कर उनके पोलिंग बूथ के अनुसार उन्हें एएमएफ सुविधा पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि जिला स्तर पर डिस्ट्रिक्ट स्वीप पीडब्ल्यूडी आईकॉन चिन्हित किए जाएं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने एनआईईपीवीडी को ब्रेल आधारित मतदाता जागरूकता संबंधी प्रचार सामग्री तैयार करने के भी निर्देश दिए गए हैं। बैठक में अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. विजय कुमार जोगदंडे ने ”स्टेट स्टेयरिंग कमेटी ऑन एक्सेसिबल इलेक्शन” के सम्बंध में विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार वर्ष–2018 से राज्य में कुल 03 प्रकार की समितियां गठित हैं जिनमें राज्य, जनपद एवं विधान सभा स्तर पर समय–समय पर बैठक आयोजित की जाती हैं।उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी किशन सिंह नेगी, सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी मस्तू दास, अपर जिलाधिकारी, देहरादून जय भारत सिंह, संयुक्त निदेशक, उच्च शिक्षा डॉ. एएस उनियाल, संयुक्त निदेशक, समाज कल्याण गीता राम नौटियाल, उप निदेशक, सूचना रवि बिजारनियां, संयुक्त निदेशक, लेपोरेसी जितेन्द्र नेगी सहित माध्यमिक शिक्षा, लोक निर्माण विभाग एनआईईपीवीडी, सर्व कल्याण विकास समिति, अरुणिमा फाउन्डेशन, चशायर होम, बाल वनिता आश्रम के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## सरकारी जमीन पर बनी 5 अवैध मजारें हटाई

**काशीपुर।** गुरुवार तड़के सुबह की गई प्रशासन की कार्रवाई में इन अवैध धार्मिक संरचनाओं को हटा दिया गया। काशीपुर एसडीएम अभय प्रताप सिंह के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। उधम सिंह नगर जिले के काशीपुर के कुंडेश्वरी स्थित सरकारी आम बाग की सीलिंग की भूमि पर 5 धार्मिक संरचनाएं यानी मजारें बनी हुई थीं।

अवैध कब्जे के शक में यहां के खादिमों को 15 दिन पूर्व नोटिस देकर भूमि निर्माण संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत करने का नोटिस दिया गया था। लेकिन पांचों मजारों के खादिम दस्तावेज पेश नहीं कर सके. दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर गुरुवार तड़के इन संरचनाओं को हटा दिया गया। सबसे चौंकाने वाली बात ये थी कि जहां ये मजारें बनी थीं, वहां किसी प्रकार के कोई अवशेष नहीं मिले। इससे ये पुष्टि हो गई कि मजारें अवैध रूप से बनाई गई थीं। काशीपुर एसडीएम अभय प्रताप सिंह बताया कि कुंडेश्वरी क्षेत्र में सरकारी सीलिंग की भूमि पर अवैध मजारें बनी थीं।

# सेहत से जुड़े मामले मे राजनीति अस्वीकार्य, तुष्टिकरण से बाज आये कांग्रेसः चौहान

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि भोज्य पदार्थों के प्रतिष्ठानों की पहिचान को सार्वजनिक करने मे कांग्रेस की टिप्पणी को अस्वीकार्य बताते हुए कांग्रेस को तुष्टिकरण की राजनीति से बाज आने को कहा है। पत्रकारों के सवालों पर जवाब देते हुए चौहान ने कहा कि यह मामला धार्मिक मनोभाव से भी जुड़ा है।

कॉवड यात्रा मार्ग मे अगर किसी प्रतिष्ठान और संचालक की पहचान खुलने से क्या दिक्कत हो सकती है। उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस की सरासर तुष्टिकरण की पराकाष्ठा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इससे पहले भी इस तरह के मामलों मे मुखर होकर समुदाय विशेष की आवाज बनती रही है। धामी सरकार सुरक्षित और गुणवत्तापरक भोज्य पदार्थों के लिए कड़े कदम उठा रही है जिसमे विरोध के बजाय सहयोग करने की जरूरत है। चौहान ने कहा कि भाजपा लैंड जिहाद, लव जिहाद, थूक जिहाद सहित कई कानून अमल मे लायी हैं, लेकिन जहसन जनता इन कानूनों से खुश है तो कांग्रेस को समुदाय विशेष की चिंता रहती है और उसे बहुसंख्यक सनातनी समुदाय की भावनाओं को आहत करने का कोई अधिकार नही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सम भाव से सबका साथ और सबका विश्वास के सिद्धांत पर आगे बढ़ रही है, लेकिन कांग्रेस राज्य मे दो समुदायों के बीच दरार उत्पन्न करने की कोशिश कर रही है जिसका जनता करारा जवाब देगी।

# नाम पट मामले में पुनर्विचार करे धामी सरकारः राजीव महर्षि

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और मीडिया प्रभारी महर्षि ने कांवड़ यात्रा के मद्देनजर पारित किए गए नाम पट अनिवार्यता के आदेश पर पुनर्विचार की मांग करते हुए इस तुगलकी फरमान को तत्काल वापस लेने की मांग की है। एक बयान में महर्षि ने कहा कि कारोबार कर रहे किसी भी व्यक्ति को नाम बताने में क्या हर्ज हो सकता है लेकिन अगर कांवड़ जैसी पवित्र और श्रद्धाभक्ति पूर्ण यात्रा के मार्ग पर गलत मंशा से ऐसा करने का आदेश जारी किया जा रहा है तो यह गलत है। उन्होंने कहा कि सरकार का आदेश समझ से परे है और यह समाज की समरसता को खंडित करने का प्रयास प्रतीत हो रहा है।



कांग्रेस नेता राजीव महर्षि।

कांग्रेस नेता ने कहा कि यह देखने में आ रहा है कि पिछले कुछ वर्षों से एक समुदाय विशेष का आर्थिक बहिष्कार करने के बयान कुछ छोटे बड़े नेताओं के आते रहे हैं। महत्वपूर्ण यह है कि नाम जानने के पीछे सरकार का उद्देश्य क्या है। उन्होंने कहा कि क्या सरकार यही नियम जम्मू कश्मीर अथवा उत्तर पूर्व में लागू करना चाहेगी? इस मुद्दे पर भी लोग भाजपा की मंशा जानना चाहते हैं। उन्होंने पूछा है कि आखिर यूसीसी की बात करने वाले अलग–अलग प्रदेश में अलग अलग नीति कैसे अपना सकते हैं? उन्होंने पूछा है कि क्या नार्थ ईस्ट के लिए भी यह नियम लागू किया जायेगा? मीडिया प्रभारी महर्षि ने पूछा है कि सरकार यह भी स्पष्ट करे कि यदि नाम बताने के नियम से समुदाय विशेष के व्यापार को नुकसान होता है तो इसकी जवाबदेही किसकी होगी? क्या सरकार इसकी जिम्मेदारी लेगी? उन्होंने सवाल किया कि आखिर क्यों बुनियादी मुद्दों से ध्यान भटका कर देश को गैर जरुरी मुद्दों की ओर धकेला जा रहा है?

महर्षि ने कहा कि उत्तराखंड इस समय गंभीर परिस्थिति से गुजर रहा है। आए दिन सड़क हादसों में लोगों की जान जा रही है, सैकड़ों मार्ग अवरुद्ध हैं लेकिन आलवेदर रोड का नारा देने वाली सरकार का ध्यान पीड़ितों की ओर न होकर इस गैर जरूरी मुद्दे पर केंद्रित है। सरकार की प्राथमिकता आपदा पीड़ित प्रदेश के लोगों को राहत पहुंचाने की होनी चाहिए।

# डीएम ने पकड़ा बड़ा खेल, एक ही व्यक्ति ने गुमराह कर दो बार विक्रय कर दी टिहरी बांध प्रभावितों को भूमि

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जिलाधिकारी सविन बसंल भूमि फर्जीवाड़ा की शिकायतों पर सख्त रूख अपनाएं हुए हैं।

वगत दिवस जनता दर्शन में शास्त्रीनगर तपोवन निवासी फरियादी पुलमा देवी ने अपनी शिकायत फुलसनी में 2007 में भूमि क्रय कि थी जिसकी रजिस्ट्री भी है, जो आवासीय भूमि टिहरी विस्थापित को आंविटत की गई थी, वर्ष 2020 में भूमि स्वामी द्वारा वही भूमि किसी अन्य को विक्रय कर दी। इस गंभीर एवं संदिग्ध प्रकरण पर डीएम ने जांच कराई। जून माह के द्वितीय जनता दर्शन में डीएम के संज्ञान में आया था पुलमा देवी प्रकरण। अवस्थापना पुनर्वास खण्ड ऋषिकेश का कारनामा एक व्यक्ति जिसने अपनी भूमि 2007 में विक्रय की, बिना जांच के 2019 में उसी के नाम चढावा दी दोबारा भूमिधरी डीएम जांच में खुलासा हुआ कि प्रश्नगत प्रकरण पर भूमि का वाद मा0 सिविल जज (जू0डि0) विकासनगर देहरादून में पुलमा देवी बनाम जतिन गोयल पुत्र राजरानी विचाराधीन है,



जिलाधिकारी।

अधिशासी अभियंता अनुसंधान एवं नियोजन खण्ड ऋषिकेश द्वारा चन्दरू पुत्र अमरू को ग्राम फुलसनी में खसरा न0 399 च0मि0 में 200 वर्गमीटर भूखण्ड ग्रामीण पुनर्वास ऋषिकेश के द्वारा मार्च 2007 में आवासीय भूखण्ड स0 44, 200 वर्ग मी0 आंवटित कर माह अप्रैल 2007 में कब्जा दिया गया था। वरिष्ठ प्रबन्धक (पुनर्वास) टिहरी बांध परियोजना केदारपुर देहरादून द्वारा अपने पत्र में बताया कि चन्दरू ग्राम बन्द्राकोटी द्वारा विभाग को गुमराह करते हुए वास्तवित तथ्य छिपाते हुए उक्त भूखण्ड पर भूमिधरी दिये जाने हेतु पुनः प्रत्यावेदन किया गया। जिस पर डीएम ने अधीक्षण अभियंता (टिहरी बांध पुर्नवास) का वाहन जब्त विवरण सहित प्रस्तुत होने के निर्देशय सम्बन्धित का एसआईटी जांच में संस्तुति की चेतावनी दी। तथा प्रकरण की विस्तृत अग्रेतर क्रिमिनल प्रोसेडिंग हेतु जांच उप जिलाधिकारी मुख्यालय अपूर्वा को सौंपी है।

# देवखड़ी नाले के निरीक्षण के डीएम ने प्रभागीय वनाधिकारी को देवखड़ी, नाले में दो जेसीबी तैनात करने के निर्देश दिए



**हल्द्वानी (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जिलाधिकारी वंदना ने गुरूवार को हल्द्वानी स्थित देवखड़ी नाला में वन विभाग द्वारा किए जा रहे वायर क्रेट चेक डैम निर्माण, चौपुला नहर कवरिंग, रकसिया नाला के चौनेलाइजेशन कार्य, जीजीआईसी में निर्माणाधीन लाईब्रेरी, फायर सेफ्टी कार्यालय के पास नहर बैरिकेटिंग, गौलापुल एवं अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में गौला नदी पर किये जा रहे भूकटाव रोकथाम कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर अधिकारियों को दिये आवश्यक निर्देश।

जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग द्वारा चौपुला पर कराए जा रहे नहर कवरिंग कार्य के निरिक्षण के दौरान नहर किनारे दुर्घटना से बचाव हेतु सेफ्टी के कार्य मानकानुसार नहीं होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता को तत्काल निर्माण कार्य के किनारे व्यू कटर लगवाए जाने और मलबा सफाई किये जाने के निर्देश दिए ताकि दुर्घटना ना हो। उन्होने कहा इसकी मानिटरिंग की जायेगी सेफ्टी कार्य नही पाए जाने पर सम्बन्धित के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी।

देवखड़ी नाले के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने प्रभागीय वनाधिकारी को उन्हांने देवखड़ी नाले में दो जेसीबी तैनात करने के भी निर्देश दिये। उन्होंने कहा मानसून काल चल रहा है, नाले में मलूवा आने पर उसे तत्काल हटाया जाय साथ ही उन्होंने प्रोजेक्ट मैनेजर न्न्ैव। को निर्देश दिये कि देवखड़ी नाले की सुरक्षा दीवार काफी पुरानी हो चुकी है जो कभी भी क्षतिग्रस्त हो सकती है मानसून के पश्चात दीवार का पुनर्निर्माण कार्य आरम्भ करवाया जाए । इस दौरान अवगत कराया कि सुरक्षा के मद्देनजर 8 चौकडैम का कार्य पूर्ण हो चुका है बांकी 5 चौकडैम के कार्य शीघ्र पूर्ण कर लिए जाएंगे ।

रकसिया नाले के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि नालों के ऊपर जो पुल काफी नीचे है जिसके कारण मानसून में पानी ओवरफ्लो होकर सड़कों पर आ जाता है ऐसे पुलों का चिन्हिकरण का नये बड़े पुल हेतु लोनिवि डीपीआर बनाकर प्रस्तुत करे। निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोगों द्वारा रकसिया नाले में लोगों द्वारा कूडा डाला गया था जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने नगर आयुक्त को निर्देश दिये कि ऐसे लोगो का चिन्हिकरण कर चालान की कार्यवाही की जाए। उन्होंने रकसिया नाले का बचा हुआ जो मलुवा है, उसको भी चौनेलाईज किया जाए साथ ही मानसून काल में जेसीबी को निर्धारित स्थल पर तैनात करने के भी निर्देश दिये ताकि नाले में अत्यधिक मलुवा आने से उसे तत्काल हटाया जा सके।

जिलाधिकारी ने जीजीआईसी हल्द्वानी में बनाई जा रही आधुनिक लाइब्रेरी के निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि यह लाईब्रेरी हल्द्वानी के बच्चों के लिए विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी का केंद्र बने, इसका ऐसा निर्माण हो और इसमें कार्यां की गुणवत्ता एवं समयबद्धता में किसी भी प्रकार की कोताही ना बरती जाय।

## कई दिग्गजों के मैदान में उतरने से जिला पंचायत 07 रानों वार्ड बनी हॉट सीट

**चमोली।** जनपद चमोली की पोखरी विकासखंड के तहत 07 रानों वार्ड पर जिला पंचायत सदस्य का मुकाबला बड़ा ही दिलचस्प होने जा रहा है। इस सीट से जहां निवर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष और पूर्व काबिना मंत्री राजेन्द्र भंडारी के पत्नी श्रीमती रजनी भंडारी मैदान में हैं। वहीं पूर्व जिला पंचायत सदस्य और भाजपा के जिलाध्यक्ष गजपाल सिंह बर्त्वाल तथा क्षेत्र में समाज सेवा के कार्यों में जुटे पूर्व सैनिक लक्ष्मण सिंह खत्री ने भी ताल ठोक दी है। लक्ष्मण सिंह खत्री 5 जुलाई को अपना नामांकन करने जा रहे हैं। साथ ही कांग्रेस पार्टी से युवा नेता पूर्व में जिला पंचायत सदस्य पर 58 मतों से रह गये बरूण रावत भी चुनाव मैदान में खड़े हैं।

इस बार 07 रानों वार्ड पर राष्ट्रीय पार्टी भाजपा द्वारा अपना कोई अधिकृत प्रत्याशी घोषित न करते हुये सभी जिताऊ पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए चुनाव लड़ने की छूट दे दी गई है।

## कर्णप्रयाग के उमट्टा में भूस्खलन से घर में घुसा मलबा बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग हुआ बंद

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** उत्तराखंड में बारिश कहर बनकर बरस रही है। चमोली जिले के कर्णप्रयाग में फिर से भूस्खलन होने से मलबा एक मकान में घुस गया। मकान में रहने वाले लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। भूस्खलन होने से बद्रीनाथ राष्ट्रिय राजमार्ग बाधित हो गया है और लोगो में दहशत है। मौसम विभाग ने देहरादून, टिहरी, नैनीताल और चंपावत में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कर्णप्रयाग से कुछ दूरी पर उमट्टा के पास पहाड़ी से फिर भूस्खलन हुआ है। भूस्खलन होने से भारी तबाही हुई है। भूस्खलन होने से हाईवे किनारे घर में मलबा घुस गया है। घर में रह रहे लोगों को मुश्किल से बाहर निकालकर दूसरी जगह शिफ्ट किया गया है। वहीं राष्ट्रिय राजमार्ग बाधित होने से जाम की स्थिति बन गई है। यात्रियों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि रविवार को भी इसी क्षेत्र में भारी मात्रा में मलबा और एक विशाल बोल्डर हाईवे पर गिरने से यातायात बाधित हो गया था।

गौचर तलधारी के समीप मलबा गिरने से बदरीनाथ मार्ग पहले ही बंद था और अब उमटा के पास की घटना ने हालात और बिगाड़ दिए हैं। प्रशासन का कहना है कि मार्ग से मलबे को हटाया जा रहा है, जल्द ही यातायात के लिए मार्ग खुल जाएगा।

## चमोली में जुलाई से सितम्बर तक आयोजित होगा नदी महोत्सव


**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जिलाधिकारी संदीप तिवारी की अध्यक्षता में गुरुवार को नदी महोत्सव के आयोजन को लेकर बैठक आयोजित की गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने जुलाई से सितम्बर तक आयोजित होने वाले नदी महोत्सव के तहत प्रस्तावित कार्यक्रमों को वृहद स्तर पर आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनपद की सभी प्रमुख नदियों के आस–पास स्वच्छता अभियान आयोजित करने के साथ ही लोगों को नदियों के संरक्षण को लेकर जागरुक करने के आदेश दिए।




बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा. अभिषेक त्रिपाठी ने बताया कि नदी महोत्सव के तहत जनपद की बालखिला , नंदाकिनी और रामगंगा नदियों के प्रवाह क्षेत्र के विद्यालयों और ग्रामीण व नगरीय क्षेत्रों में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसके तहत नदियों के तटवर्ती क्षेत्रों में रचनात्मक गतिविधियाँ जैसे नदियों के तटों पर पौध रोपण, निबंध और चित्रकला प्रतियोगिता, स्वच्छता अभियान, जल संरक्षण रैली, विचार गोष्ठी, प्रभात फेरी आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नदी महोत्सव के आयोजन का मुख्य उद्देश्य जल स्रोतों के संवर्द्धन और संरक्षण के प्रति जन सहभागिता को बढ़ाना, पारंपरिक ज्ञान के आधार पर जल स्रोतों को पुनर्जीवित करना और नई पीढ़ी को जल एवं पर्यावरण संरक्षण की जरुरत को बताते हुए सजग और जागरुक करना है। इस मौके पर डीडीओ के. के. पंत, मुख्य शिक्षाधिकारी धर्म सिंह रावत, अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग अरविंद नेगी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने सारा की बैठक में अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा निर्देश

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जिलाधिकारी संदीप तिवारी की अध्यक्षता में गुरुवार को स्प्रिंग एण्ड रीवर रिजुविनेशन अथारिटी (सारा) की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान सारा योजना के तहत जनपद में किए जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।



उन्होंने सभी रेखीय विभागों को जनपद में जल संरक्षण और संवर्द्धन के लिए किए जा रहे कार्यों की क्षमता वृद्धि के साथ दीर्घकालिक योजनाएं बनाने के निर्देश दिए। कलैक्ट्रेट में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सारा योजना के अन्तर्गत प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा करते हुए आगामी वित्तीय वर्ष के प्रस्तावों के साथ ही मोथूगाड व चन्द्रभागा गदेरों में प्रस्तावित योजनाओं को तत्काल अनुमोदित करवाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने सभी अधिकारियों को जल स्रोतों, नदियों, जलाशयों के जल संरक्षण एवं जल संवर्द्धन के कार्यों में तेजी लाने के और बद्रीनाथ व केदारनाथ वन प्रभाग के अधिकारियों को सारा योजना के निर्धारित प्रारुप में डीपीआर तैयार कर प्रस्तुत करने की बात कही। वहीं बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सारा की सोशल कॉर्डिनेटर को सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को भगीरथ एप की विस्तृत जानकारी देने और जल संरक्षण के लिए स्रोतों के चयन की प्रक्रिया व मानकों की जानकारी देने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान नोडल अधिकारी अरविन्द नेगी ने बताया कि योजना के अन्तर्गत जल संवर्धन एवं संरक्षण के लिए चाल खाल, खन्तियों, चेकडैम का निर्माण एवं पौधारोपण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जनपद में 87 क्रिटिकल स्रोत स्प्रिंग चिन्हित किए गए हैं और वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए योजना में बद्रीनाथ वन प्रभाग के 05, केदारनाथ वन प्रभाग के 5, जल संस्थान गोपेश्वर के 3, जल निगम गोपेश्वर के 8 और जल संस्थान कर्णप्रयाग के 5 योजनाएं प्रस्तावित की गई हैं। इस दौरान सारा योजना की सोशल कॉर्डिनेटर मंजू परिहार ने अधिकारियों को भगीरथ एप की जानकारी दी। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी डा. अभिषेक त्रिपाठी, डीडीओ केके पंत, मुख्य शिक्षा अधिकारी धर्म सिंह रावत सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

04 July 2025_Copy of Layout 1 7/8/2025 8:42 AM Page 6



# नोडल अधिकारी दिव्यांगजन ने दिव्यांगजनो का मतदान स्थल पर सुगमता पूर्वक बनाये जाने के लिए बैठक ली

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** समाज कल्याण अधिकारी ६ नोडल अधिकारी दिव्यांगजन की उपस्थिति में त्रिस्तरीय पंचायत मतदान 2025 के अन्तर्गत राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदत्त निर्देशों के क्रम में दिव्यांगजनों वृद्धजनों (80 वर्ष से ऊपर) हेतु सुगम मतदान कराये जाने तथा विभाग द्वारा प्रदान की जाने वाली पूर्व दशमोत्तर एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के सम्बन्ध में मुख्य विकास अधिकारी डॉ अभिषेक त्रिपाठी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में बैठक का आयोजन किया गया।




जिला समाज कल्याण अधिकारीध्नोडल अधिकारी दिव्यांगजन धनंजय लिंगवाल द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में विकाखण्डवार कुल 347 दिव्यांगजन चयनित हैं। जिन्हें मतदान हेतु ब्लॉक स्तर पर बूथ पर न्यूनतम सुविधायें प्रदान की जानी है। साथ ही दिव्यांगजनों हेतु प्रत्येक बूथ पर रैंप, शौचायल, पीने का पानी एवं सहायक उपकरण जैसे व्हील चियर, छडी आदि की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी। जिससे दिव्यांगजनों को मतदान करने में सुगमता हो। उन्होंने बताया कि जनपद में यदि कोई ऐसा दिव्यांग है जो चलने में असमर्थ है तो डोली के माध्यम से उन्हें मतदान स्थल पर ले जाने की व्यवस्था विकासखण्ड स्तर पर सहायक समाज कल्याण अधिकारियों द्वारा सुनिश्चित की जायेगी। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी खण्ड विकास अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी, पटवारी दिव्यांगजनों की सहायता हेतु जिला समाज कल्याण अधिकारीध्नोडल अधिकारी दिव्यांगजन से समन्वय स्थापित करते हुए दिव्यांगजनों के सफल मतदान हेतु समन्वय स्थापित करना सुनिश्चित करें। जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि छात्रवृत्ति पोर्टल पर बच्चों के आधार सिंडिंग कर पोर्टल पर अपडेट किये जाने हैं। जिसके सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों से निवेदन किया गया कि वह अपने–अपने विकासखण्ड के अन्तर्गत संचालित विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रवृत्ति वाले बच्चों के आधार सिंडिंग करवा लें। जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि छात्रवृत्ति हेतु बैंक द्वारा 10 वर्ष से कम आयु के बच्चों के खाते नहीं खुल पा रहे हैं। जिसके सम्बन्ध में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि 10 वर्ष के कम आयु के बच्चों के खाते अभिभावक के साथ संयुक्त रूप से खुलवाये जा सकते हैं। यदि किसी बैंक द्वारा खाता नहीं खोला जाता है तो पत्र के माध्यम से बैंक शाखा प्रबन्धकों को अवगत ६ निर्देशित किया जाय। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा दिव्यांगजनों हेतु सुगम मतदान कराये जाने के सम्बन्ध में सभी खण्ड विकास अधिकारियों, आंगनबाडी व आशा कार्यकत्रियों को नोडल अधिकारी दिव्यांगजन से समन्वय करते हुए मतदान को सुगम एवं सफल बनाये जाने के निर्देश दिये गये। जिला समाज कल्याण अधिकारी ६ नोडल अधिकारी दिव्यांगजन द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में दिव्यांगजनों की सहायता हेतु आंगनबाडी एवं आशा कार्यकत्रियों का भी सहयोग लिया जायेगा।

## घोलतीर बस हादसाः एक और शव मिला, मृतकों की संख्या सात पहुंची

**रुद्रप्रयाग।** बीते माह 26 जून को बदरीनाथ हाईवे के घोलतीर क्षेत्र में हुई मिनी बस दुर्घटना में लापता व्यक्तियों की तलाश लगातार जारी है। अभियान के सातवें दिन एक और शव बरामद किया गया है। यह शव श्रीनगर डैम क्षेत्र में कीर्तिनगर के अंतर्गत मिला, जिसकी शिनाख्त परिजनों ने मयूरी सोनी (उम्र 24 वर्ष), निवासी सूरत, गुजरात के रूप में की है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नन्दन सिंह रजवार ने बताया कि मिनी बस हादसे के बाद से प्रशासन का रेस्क्यू अभियान निरंतर जारी है। जगह–जगह सर्च अभियान चलाया जा रहा है। हादसे में अब तक मृतकों की संख्या बढ़कर सात हो चुकी है, जबकि पांच लोग अभी भी लापता हैं। प्रशासन, पुलिस, एनडीआरएफ, डीडीआरएफ,एसडीआरएफ आपदा राहत दल 40 वाहनी पीएसी व अन्य एजेंसियां रेस्क्यू व सर्च अभियान में लगातार जुटी हुई हैं। प्रशासन की ओर से मृतकों के परिजनों को हरसंभव सहायता प्रदान की जा रही है।

## हल्द्वानी में भू-माफिया ने बेच डाली सड़क, 14 साल बाद हुआ खुलासा, मामला दर्ज

**हल्द्वानी (नजरिया खबर ब्यूरो)।** हल्द्वानी में भू–माफिया ने विभागीय कर्मचारियों से साठ गांठ कर सड़क की जमीन को सेना के जवान समेत 9 लोगों को बेच दिया। हैरानी की बात ये है कि जमीन की रजिस्ट्री भी हो गई। इस पूरे मामले का खुलासा कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत की जनसुनवाई दौरान हुआ।

मामला संज्ञान में आने के बाद कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत के निर्देश पर मुखानी थाना पुलिस ने प्रॉपर्टी डीलर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। इस केस में एक और हैरानी की बात यह है कि पीड़ितों को 14 साल तक पता ही नहीं था कि उनके साथ धोखाधड़ी हुई है। बताया जा रहा कि मुखानी थाना क्षेत्र के तिलक मार्केट दमुवाढूंगा निवासी एक व्यक्ति सेना की कुमाऊं रेजीमेंट में तैनात हैं, जो फिलहाल कश्मीर में तैनात है। जवान ने साल 2011 में अपनी पत्नी के नाम से मुखानी के रामड़ी आनसिंह में 1900 वर्ग फीट जमीन प्रॉपर्टी डीलरों के माध्यम से खरीदी थी।

उक्त जमीन की रजिस्ट्री कराने के साथ ही उन्होंने भूमि पर चारदीवारी भी करा दी थी। सैनिक के अनुसार वह जब भी छुट्टी आते थे तो अपनी जमीन देखने जरूर जाते थे। इस बार भी छुट्टी पर आए तो जमीन देखने पहुंचे और पाया कि इनकी जमीन पर किसी ने तारबाड़ कर दी है। पता लगा कि जिस जमीन पर वह अपना दावा कर रहे थे, उसकी रजिस्ट्री तरुणा वर्मा के नाम पर थी।

## थराली के टूंडरी में बादल फटने से नुक्सान, घरों में घुसा मलबा

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** विकास खंड थराली के चेपड़ो टूंडरी मे बादल फटने के कारण बरसाती गदेरा उफान पर आ गया। जिस कारण थराली –देवाल मोटर मार्ग पर चेपड़ो बाजार, शहीद स्मारक के पास भारी मलवा बोल्डर आ जाने के कारण अवरुद्ध हो गया जिसे लोक निर्माण विभाग द्वारा 11रू00 बजे आवाजाही के लिए खोल दिया गया।



धटना वीरबार सुबह तीन बजे के आसपास की है। जैसे ही टूंडरी गांव का गधेरा बढा ग्रामीणों ने भाग कर अपनी जान बचाई। स्थानीय पृथ्वी सिंह ने बताया पुष्पा देवी पत्नी सिताब सिंह, ध्रुव सिंह पुत्र सुजान सिंह, मोहन सिंह, केदार सिंह पुत्र धर्म सिंह, हरपाल सिंह के मकान में मलवा भरने तथा चौक पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गया है। वही नरेंद्र सिंह पुत्र दौलत सिंह पान सिंह पुष्कर सिंह पुत्र मदन सिंह का किचन, बाथरूम तथा मकान का पुस्ता धराशाई हो गया, साथ ही लोक जात यात्रा मार्ग व पुलिया सहित चार अन्य पुलिया बह गई। स्थानीय महिलाओं के लिए सामूहिक शौचालय तथा स्थान घर भी पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गया। करोड़ों रुपए की लागत से बनाई गई जल जीवन मिशन, खेत खलियान, संपर्क मार्ग पूर्ण रूप बह गए। वहीं चेपड़ो शहीद स्मारक के पास दर्जनों गाड़ियां खड़ी रहती थी जिन्हें समय रहते लोगों ने निकाल लिया अब और बारिश होती तो टूंडरी गांव के लोगो को आशियाने का डर सताने लगा गया है। थराली के उप जिलाधिकारी पंकज भट्ट ने बताया राहत एवं बचाव टीम को भेज दिया है।

# हरिद्वार में अन्तर्राज्ज्यीय वाहन चोर गिरोह का किया गया खुलासा, तीन गिरफ्तार, कई वाहन बरामद

**हरिद्वार (नजरिया खबर ब्यूरो)।** अंतर्राज्जीय वाहन चोर गिरोह का खुलासा करते हुए पुलिस ने तीन शातिरों को गिरफ्तार कर लिया है। जिनके कब्जे से दो चार पहिया व सात दो पहिया वाहन बरामद किये गये है। हालांकि मामले में एक आरोपी फरार है जिसकी तलाश जारी है। वहीं पुलिस ने इस गिरोह में शामिल एक नाबालिग को संरक्षण में लिया है।




पकड़े गए आरोपी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र सिंह डोबाल ने जानकारी देते हुए बताया कि कोतवाली गंगनहर पुलिस ने बड़ा खुलासा करते हुए चुराई गई दो कारें क्रमशः क्रेटा व सिलेरियो बरामद करने के साथ ही दोपहिया वाहन चोरी गिरोह के नाबालिक सहित 3 सदस्यों को दबोचकर चुराई गई 07 मोटर साइकिलें बरामद की है। बताया कि बीते रोज कोतवाली गंगनहर पुलिस ने एक सूचना के बाद क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया हुआ था। इस दौरान पुलिस को मंगलौर–सालियर हाईवे पर एक संदिग्ध क्रेटा कार आती हुई दिखायी दी। पुलिस ने जब उसे रोककर चौक किया गया तो पता चला कि उक्त वाहन के संबंध में पूर्व में कोतवाली गंगनहर में चोरी होने का मुकदमा दर्ज है। पुलिस ने वाहन चालक को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ शुरू कर दी। जिसने पूछताछ में अपना नाम अजय पुत्र बीरपाल निवासी ग्राम पूरना थाना इगलास अलीगढ उ.प्र. हाल निवासी पनियाला रोड सुभाषनगर रूडकी बताया। वहीं दूसरी ओर गंगनहर पुलिस ने रूडकी–सालियर अण्डर पास रूडकी से 2 संदिग्ध व्यक्तियों और 1 नाबालिक को दबोचकर उनकी निशांदेही पर कुल 7 वाहन दोपहिया बरामद किये। पूछताछ में सामने आया कि यह गिरोह मोटर साइकिलो को चुराकर उन्हे स्वामी विवेकानन्द कालेज को जाने वाले रास्ते के सामने वाले बाग में छुपाकर रखते थे और फिर उन्हे मॉडिफाई कर के आगे बेच देते थे। जिन्होने अपना नाम फारूख फरीदी पुत्र इस्लाम अहमद निवासी थिथकी कवादपुर मंगलौर व मोहसिन उर्फ काला पुत्र नसीम निवासी माधोपुर कोतवाली गंगनहर बताया।

04 July 2025_Copy of Layout 1 7/8/2025 8:42 AM Page 7



# कुंभ मेले की तैयारियों के संबंध में मुख्य सचिव ने ली अधिकारियों की बैठक, दिये आवश्यक दिशा निर्देश

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने बुधवार को कुंभ मेले की तैयारियों के संबंध में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक ली। मुख्य सचिव ने कहा कि 2027 में आयोजित होने वाले कुम्भ मेले के दृष्टिगत सभी प्रकार के स्थायी एवं अस्थायी प्रकृति के कार्य 31 अक्टूबर, 2026 तक पूर्ण कर लिए जाएं। उन्होंने कहा कि कार्य समाप्ति की अंतिम तिथि को गंभीरता से लेते हुए सभी कार्यों को समय से पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाए।

मुख्य सचिव ने सभी विभागों के नोडल अधिकारी शीघ्र नामित किए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने प्रमुख स्नान पर्वों पर श्रद्धालुओं की अधिकतम संख्या का आंकलन कर उसके अनुरूप व्यवस्थाएं सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की भीड़ के अनुरूप ही घाटों की संख्या भी बढ़ाई जाए। उन्होंने मेलाधिकारी को सभी हितधारकों से लगातार संवाद करते हुए सभी प्रकार की व्यवस्थाएं किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि टेक्निकल ऑडिट कमिटी और थर्ड पार्टी क्वालिटी कंट्रोल की व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित की जाए। मुख्य सचिव ने कुम्भ मेले के लिए सभी प्रकार के कार्यों की प्राथमिकता निर्धारित करते हुए ए, बी, सी श्रेणियों में बांटे जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जिन कार्यों को प्रत्येक स्थिति में कराया ही कराया जाना है, ऐसे कार्यों के लिए तत्काल कार्यवाही शुरू की जाए। उन्होंने कहा कि दीर्घावधि के कार्यों को भी प्राथमिकता पर लिया जाए, ताकि वे समय से पूर्ण हो सकें। उन्होंने अस्थायी प्रकृति के कार्यों को समयावधि के अनुरूप कराए जाने के निर्देश दिए।


मुख्य सचिव बैठक लेते हुए।

मुख्य सचिव ने कहा कि जिन-जिन विभागों एवं संस्थाओं को कुम्भ मेला क्षेत्र में स्थान आवंटित किया जाता है, उन स्थानों पर यदि अतिक्रमण हो रखा है तो, अतिक्रमण हटाते हुए विभागों को आवंटित किया जाए। उन्होंने कुम्भ मेला क्षेत्र में सभी प्रकार के अतिक्रमण हटाए जाने के भी निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने एसपी हरिद्वार को कुम्भ मेले के दौरान यातायात एवं पार्किंग प्लान 20 अगस्त, 2025 तक मेलाधिकारी को उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग, पेयजल एवं विद्युत विभाग सहित अन्य सभी ऐसे विभागों, जो कुम्भ मेले के दौरान सेवाएं देते हैं, को अपनी कार्ययोजना भी 20 अगस्त, 2025 तक उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश द्वारा मरम्मत के लिए नहर बंदी के समय जो कुम्भ मेले से सम्बन्धित कार्य उत्तराखण्ड द्वारा कराए जाने हैं, उसके लिए पूर्व से ही सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं, ताकि नहरबंदी के दौरान तत्काल कार्य कराया जा सके। मुख्य सचिव ने कुम्भ मेला क्षेत्र को बढ़ाए जाने की सम्भावनाएं तलाशे जाने पर बल दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी प्रकार की सड़कों की मरम्मत और निर्माण कार्यों को समय से पूर्ण कराए जाने हेतु उच्चाधिकारियों को क्षेत्रीय भ्रमण कर समय से कार्य पूर्ण कराए जाएं।

## अमेजन इंडिया ने प्राइम डे डील्स का किया ऐलान

**देहरादून।** अमेजन इंडिया ने आज बहुप्रतीक्षित प्राइम डे 2025 डील्स का ऐलान किया है, जो विशेष रूप से प्राइम मेंबर्स के लिए हैं। 12 जुलाई की आधी रात 12रू00 बजे से लेकर 14 जुलाई की रात 11रू59 बजे तक, ग्राहक 72 घंटों की नॉन-स्टॉप शॉपिंग, बेहतरीन डील्स और ब्लॉकबस्टर एंटरटेनमेंट का आनंद ले सकेंगे। चाहे आप अपना टेक अपग्रेड करना चाहते हों, वार्डरोब या घर को रिफ्रेश करना चाहते हों तो प्राइम डे आपके लिए शानदार बचत के साथ स्मार्टफोन्स, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, टीवी, अप्लायंसेज, अमेजन डिवाइसेज, फैशन और ब्यूटी, होम और किचन, फर्नीचर, डेली एसेंशियल्स और बहुत कुछ लेकर आ रहा है। ग्राहक आईसीआईसीआई बैंक के क्रेडिट और डेबिट कार्ड, एसबीआई क्रेडिट कार्ड और आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड व एसबीआई क्रेडिट कार्ड पर ईएमआई ट्रांजैक्शन के माध्यम से भुगतान कर 10 प्रतिशत तक की बड़ी बचत कर सकते हैं।

## पीबीपार्टनर्स ने देहरादून में अपनी सिग्नेचर 'पाठशाला ईवेंट' का आयोजन किया

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** पॉलिसीबाजार के पीओएसपी खंड, पीबीपार्टनर्स ने अपने फ्लैगशिप अभियान, पीबीपाठशाला के अंतर्गत देश में अपने एजेंट्स को सशक्त बनाने की अपनी प्रतिबद्धता पर जोर दिया है।

इसी अभियान के अंतर्गत पीबीपार्टनर्स द्वारा फ्लैगशिप, 'पाठशाला ईवेंट' का आयोजन देहरादून में किया गया, जिसमें एजेंट पार्टनर्स को सुगम व एंड-टू-एंड कस्टमर सेवा प्रदान करने के लिए आवश्यक ज्ञान व टूल्स प्राप्त हुए। इस ईवेंट ने नॉलेज-शेयरिंग, स्किल-बिल्डिंग और लीडरशिप टीम एवं ऑन-ग्राउंड एजेंट पार्टनर्स के बीच बातचीत का एक मंच प्रदान किया, जिससे बीमा सुरक्षा की कमी को दूर करने के लिए पीबीपार्टनर्स की प्रतिबद्धता को बल मिला।

कार्यक्रम में राहुल महेश मिश्रा, एसोसिएट डायरेक्टर, सेल्स-लाईफ इंश्योरेंस, पीबीपार्टनर्स ने कहा, पीबीपार्टनर्स में हम बीमा की जागरुकता और एडॉप्शन बढ़ाने के लिए देहरादून जैसे शहरों की बढ़ती क्षमता को पहचानते हैं। इस क्षेत्र में हमारे एजेंट पार्टनर्स असाधारण प्रतिबद्धता का प्रदर्शन कर रहे हैं। हम उन्हें प्रशिक्षण और अपस्किलिंग द्वारा सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्हें सही टूल्स और ज्ञान प्रदान करके हम बीमा में सुरक्षा की कमी को दूर करना चाहते हैं। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि देहरादून में हर ग्राहक को भरोसेमंद और व्यक्तिगत बीमा समाधान मिल सकें।

## नथिंग ने भारत में नथिंग फोन (3) और हेडफोन (1) लॉन्च किया

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** लंदन स्थित प्रौद्योगिकी कंपनी नथिंग ने आज भारत में दो श्रेणी-परिभाषित उत्पादों के लॉन्च की घोषणा की - नथिंग फोन (3), इसका पहला ट्रू फ्लैगशिप स्मार्टफोन, और नथिंग हेडफोन (1), इसका पहला ओवर-ईयर ऑडियो उत्पाद है। दोनों उत्पाद इनटेंशनल डिजाइन और बोल्ड इनोवेशन के साथ उपभोक्ता तकनीक की पुनर्कल्पना करने के नथिंग के दृष्टिकोण को दर्शाते हैं।

नथिंग फोन (3) स्मार्टफोन परफॉरमेंस और एक्सप्रेशन के एक नए युग की शुरुआत करता है। इसे टेक फील महसूस कराने के लिए डिजाइन किया गया है। इसमें प्रो-ग्रेड ट्रिपल कैमरा सिस्टम है, जिसमें रिच लो-लाइट शॉट्स, लॉसलेस ऑप्टिकल जूम और सभी लेंसों में सिनेमैटिक 4के 60एफपीएस



वीडियो के लिए क्लास-लीडिंग 1/1.3" मुख्य सेंसर शामिल है। नथिंग हेडफोन (1) ओवर-ईयर ऑडियो श्रेणी में नथिंग की एंट्री को चिह्नित करता है। केईएफ के सहयोग से तैयार, यह एक्सप्रेसिव डिजाइन को सटीक इंजीनियरिंग के साथ जोड़ता है। कस्टम 40 मिमी डायनेमिक ड्राइवर से लेकर हेड ट्रैकिंग के साथ रियल-टाइम स्पैटियल ऑडियो तक, यह सुनने का एक गहरा इमर्सिव अनुभव प्रदान करता है। एल्युमीनियम और पीयू मेमोरी फोम सहित प्रीमियम सामग्रियों का एक परिष्कृत मिश्रण पूरे दिन आराम सुनिश्चित करता है, जबकि सिग्नेचर टैक्टाइल कंट्रोल-रोलर, पैडल और बटन, वॉल्यूम, मीडिया और एएनसी पर सहज नियंत्रण सक्षम करते हैं।

रोजाना सुनने और ऑडियोफाइल-ग्रेड प्रदर्शन के लिए बनाया गया, नथिंग हेडफोन (1) हाई-रेज ऑडियो, एलडीएसी, यूएसबी-सी लॉसलेस प्लेबैक और 3.5 मिमी वायर्ड मोड को सपोर्ट करता है। इसमें एएनसी के साथ 35 घंटे तक का प्लेबैक समय और 2.4 घंटे की सुनने के लिए 5 मिनट का त्वरित चार्ज है। नथिंग प्रमुख बैंकों में 24 महीने तक नो-कॉस्ट ईएम आई विकल्प भी प्रदान करेगा। नथिंग फोन (3) की बिक्री 15 जुलाई, 2025 से फ्लिपकार्ट, फ्लिपकार्ट मिनट्स, विजय सेल्स, क्रोमा और सभी प्रमुख रिटेल स्टोर पर शुरू होगी।

# एसडीआरएफ के जवानों ने भूस्खलन के कारण फंसे 40 श्रद्धालुओं को सुरक्षित निकाला

**रुद्रप्रयाग (नजरिया खबर ब्यूरो)।** केदारनाथ यात्रा मार्ग पर सोनप्रयाग-गौरीकुंड के बीच मुनकटिया में मार्ग ध्वस्त हो गया है। जिस कारण प्रशासन ने यात्रा को अस्थायी तौर पर रोक दिया है, जबकि यात्रा मार्ग में फंसे तीर्थ यात्रियों का रेस्क्यू किया जा रहा है। पुलिस, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और डीडीआरएफ की टीमें यात्रियों को सुरक्षित निकालने में जुटी है।

केदारनाथ यात्रा मार्ग पर बीते वर्ष 31 जुलाई को आई आपदा के कारण सोनप्रयाग-गौरीकुंड 6 किमी मार्ग के बीच हाईवे जगह-जगह ध्वस्त हो गया था, जिसके बाद यात्रा मार्ग पर फंसे हजारों यात्रियों का रेस्क्यू किया गया। मुनकटिया में ऊपरी पहाड़ी से लगातार मलबा और बोल्डर गिर रहा है, जबकि बीती रात हुई तेज बारिश के चलते मार्ग ध्वस्त हो गया है।


श्रद्धालुओं को सुरक्षित निकालते एसडीआरएफ के जवान।

जिसकी वजह से केदारनाथ धाम से दर्शन कर लौट रहे 40 से ज्यादा यात्री फंस गए।

बीती देर रात सभी यात्री स्लाइड जोन में फंस गए थे। जिसके बाद मौके पर तैनात एसडीआरएफ के जवानों ने 40 श्रद्धालुओं को सुरक्षित रेस्क्यू किया। अभी भी रास्ता पूरी तरह से बंद है, जिसकी वजह से एसडीआरएफ लगातार धाम से आ रहे श्रद्धालुओं को सुरक्षित जगहों पर पहुंचा रही है। सोनप्रयाग क्षेत्र में मुनकटिया स्लाइडिंग जोन में मलबा-पत्थर आने से मार्ग पूरी तरह से बाधित हो गया है। ऐसे में फिलहाल केदारनाथ धाम यात्रा अस्थायी तौर पर रोकी गई है। मार्ग सुचारू होने पर यात्रा पुनः शुरू कर दी जाएगी।

पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रह्लाद कोंडे ने आगे बताया कि स्लाइडिंग जोन के पास मलबा-पत्थर आने के कारण मार्ग पूरी तरह से बाधित है, जिस कारण यहां पर सुरक्षा के दृष्टिगत फिलहाल यात्रा को रोका गया है। इसके अतिरिक्त स्लाइडिंग जोन क्षेत्र में गौरीकुंड से वापस आने वाले कुछ यात्री फंस गए थे, जिनको एसडीआरएफ टीम द्वारा रेस्क्यू कर सुरक्षित सोनप्रयाग लाया गया है।

# श्रीनगर विधानसभा क्षेत्र में बिछेगा सड़कों का जालः डॉ. धन सिंह रावत

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** श्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत वित्तीय वर्ष 2025–26 में कुल 142.68 किलोमीटर लम्बी सड़कों का निर्माण व डामरीकरण किया जायेगा।

पीएमजीएसवाई–04 के तहत खिर्सू, पाबौं और थलीसैण विकासखण्ड की 29 सड़कों को केन्द्र सरकार की सहमति मिल गई है। जबकि प्रथम चरण में आधा दर्जन सड़कों की डीपीआर को केन्द्र सरकार की सैद्धंतिक स्वीकृति मिल चुकी है और शीघ्र ही इन सड़कों के निर्माण व डामरीकरण को बजट मिल जायेगा। कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने आज विधानसभा स्थित सभाकक्ष में अपने विधानसभा क्षेत्र श्रीनगर के ग्रामीण क्षेत्रों के मोटर मार्गों के निर्माण, सुदृढ़ीकरण एवं डामरीकरण को लेकर पीएमजीएसवाई के अधिकारियों की बैठक ली।



मंत्री धन सिंह रावत बैठक लेते हुए।

जिसमें उन्होंने श्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों की विभिन्न सड़कों के निर्माण व डामरीकरण कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। डॉ. रावत ने थलीसैण विकासखण्ड के तहत मैखोली–सुन्दर गांव दैड़ा मोटर मार्ग, बांकुडा गांव मोटर मार्ग, उफरैंखाल–भतपौंमल्ला–गाडखर्क–भराड़ीधार –भगवती तलैया मोटर मार्ग, कल्याणखाल किमोज–भेड़गांव मोटर मार्ग, जगतपुरी कण्डाई मोटर मार्ग, झड़पाली हस्यूंणी धाधणखेत, भेड़ा–गंगाऊं, हिंवालीधार–सिरतोली, स्योली तल्ली, बगेली मदगांव, तरपालीसैण–किरसाल, सुनारगांव, चौरा–बंगाली, पाटुली–नौगांव पज्याणा तथा चुणखेत मैरोली–एंगार मोटर मार्ग के शीघ्र निर्माण एवं डामरीकरण कार्य के निर्देश दिये। इसी प्रकार खिर्सू विकासखण्ड के तहत चमेलियू–नैलटौंक, ग्वाणा–मंगलाकोटी, बगड़–भण्डई, कमेड़ा–नेसू, ग्वाड़–झाला, कठूली–सिंगोरी और चिमलियूं–थापला मोटरमार्ग तथा पाबौं विकासखण्ड के अंतर्गत ताल बैड से मथिगांव–पाखा, बुढ़नी शुक्र, पटोली–मातोली, नौठा–कुल्याणी और पाबौं मासौ मोटरमार्ग से इठूड धारकोट मोटर मार्ग के शीघ्र डामरीकरण के निर्देश अधिकारियों को दिये।

बैठक में विभागीय अधिकारियों ने बताया कि श्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के तहत खिर्सू, पाबौं तथा थलीसैण विकासखण्ड की 29 सड़कों के निर्माण व डामरीकरण का सर्वे कार्य पूरा हो चुका है, जिसे केन्द्र सरकार की भी अप्रूवल मिल चुकी है। इनमें से 6 सड़कों की डीपीआर को केन्द्र सरकार की सैद्धांतिक स्वीकृति भी मिल चुकी है, जिसमें थलीसैण विकासखण्ड में हिवालीधार–सिरतोली मोटरमार्ग और स्योली तल्ली मोटरमार्ग शामिल है। इसी प्रकार पाबौं विकासखण्ड में बुढ़णी–शुक्र, पटौटी–मतोली और नौठा–बुरांसी–कुल्याणी मोटरमार्ग जबकि खिर्सू ब्लॉक में ग्वाड–झाला मोटर मार्ग शामिल है। शीघ्र ही इन सड़कों को भारत सरकार से वित्तीय स्वीकृति मिल जायेगी। बैठक में मुख्य अभियंता पीएमजीएसवाई एस.के. पाठक, अधीक्षण अभियंता एस.के. बसलियाल, अधिशासी अभियंता पीएमजीएसवाई विजयपाल नेगी, अधिशासी अभियंता श्रीनगर पी.आर. चमोली, अधिशासी अभियंता बैजरों पी.एस. बिष्ट, सहायक अभियंता बैजरो टी.एस रावत सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए त्रिस्तरीय पंचायत क्षेत्रों में धारा-163 लागू

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** त्रिस्तरीय पंचायतों के सामान्य निर्वाचन–2025–26 को शांतिपूर्ण संपन्न कराने हेतु निर्वाचन क्षेत्रान्तर्गत धारा–163 लागू कर दी गई है। अपर जिला मजिस्ट्रेट जय भारत सिंह ने इसके आदेश जारी किए है।

अपर जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायत क्षेत्रान्तर्गत कतिपय असामाजिक तत्वों द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया को बाधित करने, साम्प्रदायिक सौहार्द को प्रभावित कर धार्मिक उन्माद भड़का कर मतदाताओं के ध्रुवीकरण का प्रयास किया जा सकता है। यह भी संभावना है कि विभिन्न राजनीतिक दल, संगठन, उम्मीदवार, व्यक्ति द्वारा निष्पक्ष व शांतिपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया को प्रभावित करने के उद्देश्य से मतदाताओं को प्रलोभन देने का प्रयास किया जा सकता है। इसके देखते हुए अपर जिला मजिस्ट्रेट ने निषेधाज्ञाएं जारी कर दी है।त्रिस्तरीय पंचायत क्षेत्रान्तर्गत सार्वजनिक स्थलों पर बिना आरओ की अनुमति के कोई बैठक, सभा नही होगी। कोई भी 05 से अधिक व्यक्तियों का समूह नही बनाएगा। परगना मजिस्ट्रेट की अनुमति के बैगर रोड़ शो, जुलूस, जनसभा, रैली आयोजित नही की जाएगी। विद्यालयों, न्यायालयों, चिकित्सालयों तथा धार्मिक स्थलों के समीप ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग नही किया जाएगा।

## अपनी त्वचा को दें कैलिफोर्निया आमंड्स का पोषण

**देहरादून।** वर्ल्ड स्किन हेल्थ डे 2025 की थीम इस बार है, त्वचा की सेहत के बिना संपूर्ण स्वास्थ्य संभव नहीं, जो इस बात पर जोर देती है कि स्किन केयर सिर्फ क्रीम और लोशन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसकी शुरुआत हमारे खान–पान से होती है। कैलिफोर्निया आमंड्स, जो विटामिन ई और हेल्दी फैट्स से भरपूर होते हैं।

कैलिफोर्निया आमंड्स 15 जरूरी पोषक तत्वों का बेहतरीन स्रोत हैं, जिनमें से कई त्वचा की रंगत और बनावट सुधारने में असरदार माने जाते हैं। इनमें मौजूद विटामिन ई और हेल्दी फैट्स त्वचा को उम्र के असर से बचाने वाले एंटी–एजिंग गुणों से भरपूर होते हैं।

## धामी मंत्रीमंडल ने रेशम कोकून की एमएसपी में की बढ़ोत्तरी

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में एक प्रस्ताव पर मुहर लगी है। दरअसल, हर साल रेशम कोकून की एमएसपी तय की जाती है। इसी क्रम में इस साल भी रेशम विभाग ने कोकून की नई एमएसपी का प्रस्ताव तैयार किया था, जिस पर मंत्रिमंडल ने मुहर लगा दी है।

पिछले साल कोकून के लिए तय की गई एमएसपी में इस साल बढ़ोत्तरी की गई है। जिसके तहत हाई क्वालिटी के कोकून की कीमत को 400 रुपए प्रति किलो से बढ़ाकर 440 रुपए प्रति किलो किया गया है। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि

**ए ग्रेड के कोकून की कीमत 400 से बढ़ाकर की गई 440 रूपए प्रति किलो**

मंत्रिमंडल की बैठक में एक ही प्रस्ताव पर मुहर लगी है। जिसमें कृषि विभाग के तहत सिल्क के कोकून की नई एमएसपी तय की गई है। हालांकि, हर साल कोकून की एमएसपी तय की जाती है, जिसके क्रम में इस साल भी कोकून की नई दरें तय की गई है। पिछले साल के मुकाबले इस साल कोकून की दरों में बढ़ोतरी की गई है। इससे प्रदेश में सिल्क के उत्पाद को बढ़ाने में मदद मिलेगी। वर्तमान समय में प्रदेश के दो जिलों देहरादून और बागेश्वर में मुख्य रूप से कोकून का उत्पादन किया जा रहा है। लेकिन सरकार के इस प्रोत्साहन से आने वाले समय में कोकून के उत्पादन में बढ़ोतरी होगी। मंत्री जोशी ने कहा कि सिल्क की क्वालिटी काफी बेहतर है। क्योंकि उत्तराखंड के कोकून से बनी सिल्क की साड़ियों की डिमांड न सिर्फ प्रदेश में बढ़ी है, बल्कि अन्य राज्यों में भी काफी अधिक पसंद की जा रही है। क्योंकि तमाम जगहों पर एक्सपो का आयोजन किया जाता है, जिसमें उत्तराखंड के सिल्क साड़ियों की प्रदर्शनी भी लगाई जाती है। जिसके चलते टर्नओवर बढ़ता जा रहा है। किसानों को कोकून के बीज समय पर उपलब्ध हो, इसके लिए सरकार काम कर रही है।

## न्यूज डायरी

### पॉली किड्स ग्रुप ऑफ स्कूल्स ने शिक्षक प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया




**देहरादून।** पॉली किड्स ग्रुप ऑफ स्कूल्स ने आज सर्वे ऑफ इंडिया ऑडिटोरियम, हाथीबड़कला, देहरादून में शिक्षक प्रशिक्षण सत्र का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस कार्यक्रम में देहरादून, जॉली ग्रांट और ऋषिकेश शाखाओं के लगभग 250 शिक्षक एकत्रित हुए। प्रशिक्षण सत्र में विशेषज्ञ सत्रों का संचालन दिल्ली की शिक्षक प्रशिक्षक जोआना फर्नांडीज और देहरादून के विशेष शिक्षक प्रशिक्षक डॉ. निशाद इकबाल ने किया। सत्रों में विभिन्न विषयों को शामिल किया गया। पॉली किड्स ग्रुप ऑफ स्कूल्स के अध्यक्ष कैप्टन मुकुल महेंद्र द्वारा शैक्षणिक प्रबंधन प्रणाली और स्कूल स्वचालन पर एक विशेष सत्र आयोजित किया गया। प्रशिक्षण सत्र का उद्देश्य शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण पद्धतियों और सर्वोत्तम प्रथाओं से लैस करना था, जिससे वे छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान कर सकें।

## पेज 01 का शेष...

### सीएम धामी ने उच्चाधिकारियों के साथ की कांवड़ मेला की तैयारियों की समीक्षा की

उन्होंने कहा कांवड़ रूट पर हर 2 से 3 किलोमीटर के अंदर स्वास्थ्य केंद्र, एम्बुलेंस और मेडिकल स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए साथ ही हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए जाएं, जिससे आम जन को सहूलियत हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि कावड़ियों की सुविधा को देखते हुए स्थानीय निकायों के सहयोग से रैन बसेरों, टेंट सिटी, आश्रय स्थलों का निर्माण किया जाए। यात्रा मार्गो पर आर.ओ टैंकर, वाटर एटीएम की व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा बीते सालों के अनुभवों के आधार पर पार्किंग की अतिरिक्त व्यवस्था हो। मुख्यमंत्री ने कावड़ यात्रा से संबंधित सोशल मीडिया में अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ भी सख्ती से कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कांवड़ियों एवं श्रद्धालुओं के लिए श्क्या करें और क्या नहीं करेंश् की जानकारी यात्रा मार्गों पर प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कावड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखा जाए। सीसीटीवी और ड्रोन से नियमित निगरानी हो। कांवड़ रूट का जीआईएस मैपिंग आधारित ट्रैफिक प्लान तैयार किया जाए और ए.आई आधारित ट्रैफिक मॉनिटरिंग सिस्टम विकसित किया जाए।

स्वत्वाधिकारी नजरिया खबर के लिए स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक गीता जायसवाल द्वारा श्रेष्ठा प्रिन्टर्स, वार्ड नं.03,पो.ओ. लालकुंआ जिला–नैनीताल, उत्तराखण्ड से मुद्रित तथा 14–डी मीडो प्लाजा, प्रथम तल राजपुर रोड देहरादून, उत्तराखंड से प्रकाशित सम्पादक : विजय जायसवाल फोन नं. – 0135&2740930, 9837027458 RNI NO: UTTHIN/2008/25052 प्रकाशन सम्बन्धी सभी विवादों का निस्तारण सिर्फ देहरादून न्यायालय होगा। E-mail: nazariakhabar@gmail.com
Website : www.nazariyakhabar.com
डाक पंजीयन : UA/DO/DDN/402/2017-19